# संस्कृत महाविद्यालय नाहन की मीनाक्षी ने झटका पहला स्थान

**कार्यालय संवाददाता–नाहन**




सिरमौर राइफल संघ और प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब के तत्वावधान में छठी आईआरबी बटालियन धौलाकुंआ में जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में गोरक्षनाथ संस्कृत महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया है। मीनाक्षी ने जूनियर वर्ग के वुमेन वर्ग में दस मीटर राइफल एनआर में सटीक निशाने लगाते हुए पहला स्थान हासिल किया। प्राचार्य डाक्टर संदीप शर्मा ने बताया कि संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद व अन्य इवेंट में भी प्रतिभा का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होने बताया कि वहीं शैक्षणिक गतिविधियों में भी हाल ही में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा शास्त्री तृतीय वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की दस छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में पहले दस स्थानों पर स्थान अर्जित किया है।

Scanned with OKEN Scanner

नाहन : सिरमौर जिले के लिए खेल जगत से गर्व का क्षण आया है। हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब धौलाकुआं के दो युवा निशानेबाज मीनाक्षी शर्मा और अंश चौधरी ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

यह प्रतियोगिता देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान हुई, जो 1 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों ने नेशनल लेवल के लिए अपना स्थान पक्का किया।




**मीनाक्षी शर्मा: छोटे गांव से राष्ट्रीय मंच तक**

मीनाक्षी शर्मा मूल रूप से मानगढ़ पंचायत की रहने वाली हैं। उन्होंने GSSS पच्छाद से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी की और वर्तमान में नाहन में शास्त्री की पढ़ाई कर रही हैं। मीनाक्षी ने वर्ष 2024 में हिमाचल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया और प्री-डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता (शिमला) में गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया। अअब उन्होंने Junior Women Category में इंडिया ओपन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

Scanned with OKEN Scanner

खेल, सिरमौर, हिमाचल

5.

# सिरमौर के अंश और मीनाक्षी ने शूटिंग में किया कमाल, नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई



By पंकज जयसवाल

July 3, 2025

नाहन : सिरमौर जिले के लिए खेल जगत से गर्व का क्षण आया है। हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब धौलाकुआं के दो युवा निशानेबाज मीनाक्षी शर्मा और अंश चौधरी ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

यह प्रतियोगिता देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान हुई, जो 1 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों ने नेशनल लेवल के लिए अपना स्थान पक्का किया।





**मीनाक्षी शर्मा: छोटे गांव से राष्ट्रीय मंच तक**

मीनाक्षी शर्मा मूल रूप से मानगढ़ पंचायत की रहने वाली हैं। उन्होंने GSSS पच्छाद से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी की और वर्तमान में नाहन में शास्त्री की पढ़ाई कर रही हैं। मीनाक्षी ने वर्ष 2024 में हिमाचल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया और प्री-

Scanned with OKEN Scanner

डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता (शिमला) में गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया। अअब उन्होंने Junior Women Category में इंडिया ओपन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

उनकी इस सफलता के पीछे केवल उनकी कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि उनके परिवार का संपूर्ण सहयोग भी है। उनके पिता खुशी राम शर्मा, एक कृषक (किसान) हैं और माता गृहणी हैं , जो सीमित संसाधनों में भी अपनी बेटी के सपनों के पीछे मजबूती से खड़े रहे। आज जब मीनाक्षी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची हैं, तो उनके पिता गर्व से कहते हैं, "हमारी बेटी ने गांव का नाम रोशन किया है, अब हम सबकी उम्मीदें उस पर टिकी हैं।"

उनके पिता खुशी राम शर्मा बताते हैं, "मीनाक्षी को खेलों का बचपन से ही शौक था। जब बाकी बच्चे कार्टून देखते थे, वह टीवी पर शूटिंग स्पर्धाएं बड़े ध्यान से देखती थी। उसे बंदूक पकड़ने और निशाना लगाने में खास दिलचस्पी थी। तब हमें लगा था कि यह शौक है, पर आज वही शौक उसका सपना बन गया है और अब सपना हकीकत में बदल रहा है।"

यह सफलता न केवल मीनाक्षी की है, बल्कि उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है जो छोटे गांवों से बड़े सपने देखती हैं।

**अंश चौधरी: क्लब से करियर तक का सफर**

वही दूसरी और अंश चौधरी, धौलाकुआं के रहने वाले हैं और वर्तमान में कक्षा 12वीं के छात्र हैं। उनके पिता जालम सिंह, एक डेंटिस्ट हैं और माता गृहिणी हैं। परिवार में शिक्षा और अनुशासन का माहौल होने के बावजूद अंश ने खेलों, खासकर निशानेबाज़ी में अपनी अलग पहचान बनाई है।

अंश बताते हैं, "जब हमारे कस्बे में हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब खुला, तब पहली बार मैंने एयर राइफल को पास से देखा। उसी दिन से मेरी दिलचस्पी इस खेल में गहराती चली गई।" उन्होंने क्लब में नियमित अभ्यास शुरू किया और कुछ ही समय में सब यूथ कैटेगरी में क्वालीफाई किया। उन्होंने Sub-Youth Category में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंडिया ओपन में हिस्सा लिया और राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई कर लिया।

उनकी इस उपलब्धि के पीछे परिवार का पूरा समर्थन रहा। पिता ने समय और साधनों से कभी समझौता नहीं किया, वहीं मां ने अंश के अभ्यास के दौरान हमेशा एक सपोर्ट सिस्टम की भूमिका निभाई।

हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब धौलाकुआं के क्लब कोच सुरेश चौहान ने बताया कि अंश चौधरी और मीनाक्षी शर्मा ने यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, समर्पण और हिमाचल प्रदेश के युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्लब की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

Scanned with OKEN Scanner